RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 250
हिसार | शुक्रवार, 8 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## हांसी नगर परिषद में सीएम फ्लाइंग का छापा

***पाठकपक्ष न्यूज, हांसी, 8 दिसम्बर :*** *हिसार के हांसी की नगर परिषद में सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी की। टीम को सफाई व्यवस्था और भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। सुबह 13 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। टीम ने रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भेज दी है। सीएम फ्लाइंग में एसडीओ मोहन लाल ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद में सबसे पहले सभी अधिकारियों के हाजिरी रजिस्टर चेक किए। जिसमें कुल 13 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए हैं। इसके साथ ही सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने हांसी में फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। डबिंग स्टेशन को लेकर सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सीएम फ्लाइंग की इस छापे में एसडीओ मोहन लाल और एएसआई राकेश कुमार मौजूद रहें।*




## राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ के लिए बीजेपी ने किया पर्यवेक्षकों का ऐलान

### एमपी के लिए हरियाणा के सीएम मनोहर लाल सहित तीन को दी जिम्मेदारी

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए शुक्रवार को पर्यवेक्षकों को नियुक्त कर दिया। गुरुवार से ही ये खबर आ रही थी कि भाजपा शुक्रवार को पर्यवेक्षकों के नाम का ऐलान करेगी। राजस्थान के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा सांसद सरोज पांडे विनोद तावड़े को नियुक्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के लिए पार्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण, आशा लकड़ा और छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री सर्वानन्द सोनेवाल, कृषी मंत्री अर्जुन मुंडा और दुष्यंक गौतम को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मिली जीत के बाद उन्हीं चेहरों को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया है, जो डबल इंजन सरकार फॉर्मूले में फिट बैठे। पार्टी का मानना है कि जनता ने तीनों राज्यों में जिस तरह से स्पष्ट बहुमत दिया है, उससे पार्टी पर काम करने का बहुत दबाव है। जनता की अपेक्षाएं तेजी से पूरी होंगी तभी तीनों राज्यों में 2024 की सभी लोकसभा सीटें जीतने का टारगेट पूरा हो सकेगा। राज्यों में ऐसा नेता चाहिए जो पार्टी को प्रसिद्धि दिलाने के लिए कार्य करने वाला हो न कि खुद को। खासकर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ऐसे चेहरे को कमान देने की तैयारी है जो पार्टी और परफॉर्मेंस दोनों के मोर्चे पर खुद को साबित कर सके।

## महंगे लोन से नहीं मिलेगी राहत, लगातार पांचवीं बार रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बरकरार, आरबीआई ने लिए ये बड़े फैसले

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज शुक्रवार को मौद्रिक नीति का ऐलान किया है। इसमें कई बड़े फैसले लिए गए। लगातार पांचवी बार आरबीआई ने रेपो रेट और दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज इसकी घोषणा की। घोषणा करते ही यह तय हो गया कि आपको लोन की ईएमआई पर फ़िलहाल कोई राहत नहीं मिलेगी है और ना ही ये बढ़ेगी क्योंकि आरबीआई ने दरों पर स्टेटस को (यथास्थिति बरकरार) रखी है।

**उम्मीद के अनुसार आया फैसला**

अर्थशास्त्रियों की उम्मीद के अनुरूप भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक के बाद फैसले की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी सतर्क है और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए तैयार है। एमपीसी की बैठक 6-8 दिसंबर को हुई थी।

**महंगाई कम करने का प्रयास जारी- आरबीआई**

गवर्नर दास ने घोषणा करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक खुदरा महंगाई को 4 फीसदी पर लाने का प्रयास लगातार कर रही है। विकट परिस्थिति में भी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं। महंगाई को कम करने में परेशानी तो हो रही है लेकिन हमारे प्रयास जारी हैं।

**शक्तिकांत दास द्वारा कही गई महत्वपूर्ण बातें**

सरकार एमपीसी के सभी सदस्य रेपो रेट स्थिर रखने के पक्ष में है। जल्द ही यूपीआई पेमेंट के लिए ऑफलाइन सुविधा लाई जाएगी। देश की इकॉनमी का प्रदर्शन लगातार बेहतर बना हुआ है। लगभग 80 फीसदी सदस्य अकोमोडेटिव रुख वापस लेने के पक्ष में हैं। कोर इन्फ्लेशन में तो कमी आई है लेकिन खाद्य सामग्री की महंगाई अभी भी




खतरा बना हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है

## महुआ मोइत्रा लोकसभा से निष्कासित, टीएमसी सांसद का दावा, मेरे खिलाफ कोई सबूत नहीं

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 8 दिसम्बर :** लोकसभा ने तृणमूल सदस्य महुआ मोइत्रा को सदन से निष्कासित कर दिया है। 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में आचार समिति की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई। रिपोर्ट में महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की गई है। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने जमकर विरोध दर्ज कराया। रिपोर्ट पेश होने के बाद विपक्ष की ओर से हंगामा किया गया। विपक्षी सांसदों की मांग की कि महुआ मोइत्रा को लोकसभा में बोलने की अनुमति दी जाए, स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी गई। ओम बिरला ने कहा कि मेरे पास पहले से चली आ रही परंपराओं की



कॉपी है। पूर्व स्पीकर सोमनाथ चटर्जी और प्रणब मुखर्जी पहले यहां थे। उन्होंने जो नियम और परंपराएं दीं, वे हमारे नियम माने जाते हैं। सोमनाथ चटर्जी ने कहा था कि जिन सदस्यों पर आरोप होते हैं उन्हें समिति के सामने बोलने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। इस सदन की परंपरा है कि पिछले अध्यक्षों द्वारा अपनाई गई परंपराओं को अगले अध्यक्षों द्वारा हमेशा आगे बढ़ाया जाता है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि निष्पक्ष सुनवाई तभी होगी जब किसी प्रभावित व्यक्ति की बात सुनी जाएगी। अगर किसी प्रभावित व्यक्ति की बात नहीं सुनी जाएगी तो निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो सकती...आज हम किसी व्यक्ति के अधिकार का फैसला कर रहे हैं।




## राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में डॉ. रमेश कुमार आर्य ने प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 8 दिसम्बर :** आज राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में डॉ रमेश आर्य ने प्राचार्य पद सम्भाला। वर्तमान में डॉ. रमेश कुमार आर्य राजकीय महाविद्यालय, बरवाला में प्राचार्य पद पर नियुक्त है। इन्होंने बरवाला में प्राचार्य पद ग्रहण करने से पहले राजकीय महाविद्यालय, हिसार में लम्बे समय तक अध्यापन का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने फूल मालाओं से उनका हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने पहले महाविद्यालय के दिवंगत प्राचार्य सुन्दर सिंह ढांडा को श्रद्धांजलि दी। अपने



संबोधन में डॉ रमेश आर्य ने बताया कि हमें अपना कार्य पूर्ण तल्लीनता से करना चाहिए व साकारात्मक उर्जा के साथ करना चाहिए ताकि सभी के सहयोग से महाविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय परिवार के साथ साथ योगेश्वर यादव, एम्प्लॉयमेंट ऑफिसर, सजग फाऊंडेशन से सतपाल अग्रवाल, भारत विकास परिषद से महिपाल व अन्य स्टाफ गण उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड जूनियर गर्ल्स बॉक्सिंग में सिल्वर मैडल जितने पर हांसी में हुआ विनी मलिक का स्वागत

## हुड्डा सरकार बनने पर फिर से लागू होगी पदक लाओ पद पाओ की की खेल नीति : प्रेम सिंह मलिक

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 8 दिसम्बर :** हांसी के गांव ढंढेरी की बेटी विनी मलिक के वर्ल्ड जूनियर गर्ल्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जितने पर हांसी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह मलिक ने विनी मलिक का स्वागत किया। मलिक ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के सीएम बनने के बाद फिर से लागू होगी पदक लाओ पद पाओ की खेल नीति। गर्ल्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता अर्मेनिया देश में 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक हुई थी। इसमें विनी मलिक का मुकाबला कजाकिस्तान, ग्रीक, टरीनाडो व टोबागो व उज्जबेकिस्तान के साथ हुआ था। विनी मलिक ने अपनी सभी फाइट बहुत अच्छी स्किल व होंसले के साथ खेली व सिल्वर मैडल हासिल किया। इसमें विनी मलिक ने 57 किलो ग्राम भारवर्ग में भाग लिया। विनी मलिक की इस उपलब्धि पर गांववासियों व कोच राजेश श्योराण ने भी आशीर्वाद व बधाई दी। विनी मलिक ने अपनी इस उपलब्धि से अपने गांव, प्रदेश तथा देश सहित अपनी यूनिवर्सल बॉक्सिंग एकैडमी हिसार का नाम रोशन किया है, जहां वह 9 वर्षो से कोच राजेश श्योराण के पास कोचिंग ले रही हैं। विनी का पारिवारिक बैकग्राऊंड खेलों से जुड़ा है। विनी का छोटा भाई यश मलिक पिस्टल



शूटिंग करता है। यश मलिक ने भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीते हैं व अभी नैशनल खेलने गया है। विनी का लक्ष्य और अच्छी तैयारी करके आगामी प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने का है। इसके बाद खेलो हरियाणा में 13 साल में अंडर 20 में गोल्ड मैडल जीता। सभी स्कूली प्रतियोगिताओं में गोल्ड मैडल हासिल किए। जूनियर एशियन चैम्पियनशिप ओमान जॉर्डन में मात्र 14 वर्ष में सबसे छोटी में चैम्पियन बनी। प्रेम सिंह मलिक ने कहा कि विनी मलिक ने हमारे हल्के का नाम पुरे देश में किया। विनी मलिक को ट्रैक्टर में बैठा कर उनके गांव में ले जाया गया जहां पर उसका जबरदस्त स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच संदीप मलिक, प्लेयर मलिक, मनदीप मलिक, जिला पार्षद मोहित मालिक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।






# सम्पादकीय..........

## तेलंगाना में अब नए नेतृत्व का समय

तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पहली बार कांग्रेस सत्ता में आई है और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपनी टीम के साथ बड़े ही धूमधाम से सत्ता संभाल ली है। राज्य में कांग्रेस को बहुमत मिलने के तीन दिन बाद हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में स्वाभाविक ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य अनेक नेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह अगर शक्ति प्रदर्शन जैसा लगने लगा, तो आश्चर्य नहीं। चार राज्यों में बुरी तरह निराश हुई कांग्रेस के लिए तेलंगाना एक संजीवनी की तरह है। 119 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस ने अकेले 64 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनाई और पड़ोसी कर्नाटक में भी उसी की सरकार है, अतः दक्षिण में कांग्रेस को अपना काम दिखाने के लिए एक बड़ा क्षेत्र मिल गया है। रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सबसे बड़ी खबर यह है कि उन्होंने पहले ही दिन पार्टी के छह वादों को पूरा करने संबंधी फैसला ले लिया। स्वयं कांग्रेस पर यह आरोप रहा है कि वह अपने अनेक वादे निभा नहीं पाती है, पर अब राजनीति में यह परिपाटी बहुत मायने रखती है कि सत्ता संभालते ही पहला निर्णय वादों को पूरा करने के लिए लिया जाने लगा है। शायद जनता भी यही चाहती है। तेलंगाना में लोगों को महालक्ष्मी योजना के तहत 2,500 रुपये हर महीने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा हासिल हो गई है। रायथु योजना, गृह ज्योति योजना, इंदिरम्मा इंदलु योजना, युवा विकासम योजना भी लागू हो गई है। ये सभी सीधे आर्थिक लाभ वाली योजनाएं हैं, अतः तेलंगाना में लोक-लुभावन योजनाओं का एक नया युग शुरू हो गया है। इन योजनाओं के साथ ही रेवंत रेड्डी को शासन-प्रशासन में सुधार के साथ ही तेलंगाना के विकास को भी तेज करना होगा। तेलंगाना की पिछली सरकार भ्रष्टाचार और परिवारवाद के चलते निशाने पर रहती थी, अब नए मुख्यमंत्री को इन कमियों से दूर रहना होगा। एक बात और ध्यान देने की है कि क्षेत्रीयता पर सियासी जोर के बजाय तेलंगाना को देश की मुख्यधारा से जोड़ना ज्यादा जरूरी है। यह काम कांग्रेस अगर ढंग से करती है, तो उसके लिए अच्छा होगा। नए नेतृत्व, युवा पीढ़ी और नए बदलावों के प्रति आग्रही राजनीतिक दलों का यह दौर है। कांग्रेस जगनमोहन रेड्डी के समय यह गलती कर चुकी है और आज आंध्र प्रदेश की सत्ता कांग्रेस के बजाय जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस के पास है। कांग्रेस को अपनी शैली ऐसी समावेशी रखनी चाहिए, ताकि वह पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश की तरह अपने ही पुराने नेताओं के हाथों हाशिये पर न डाल दी जाए। दूसरी ओर, गौर करने की बात है कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भविष्य की ओर देख रहा है, इसलिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्री के चयन में समय लग रहा है। कांग्रेस के पास तेलंगाना में सुलझा हुआ चेहरा था, तो उसने आसानी से चुन लिया, कर्नाटक जैसी समस्या नहीं आई, पर भाजपा के लिए यह काम आसान नहीं है। कर्नाटक में कांग्रेस को जितनी परेशानी हुई थी, उससे कहीं ज्यादा दुविधा भाजपा को अपने तीनों राज्यों में हो सकती है। बहरहाल, उधर, मिजोरम को आज नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। पूर्व आईपीएस अधिकारी लालदुहोमा ने तमाम बड़ी स्थापित पार्टियों के बीच से अपने लिए रास्ता बना लिया है और अब वह सबकी निगाह में हैं।

# व्यष्टि का समष्टि से महासंभोग है अनंत आनंद

**अध्यात्म**

सर्व की भलाई का भाव ही प्रेम है। प्रेम दिव्यता, पवित्रता, विस्तार और समर्पण है। प्रेम त्याग और परम आनंद की अनुभूति है। प्रेम एक प्रवाह है, कृत्य नहीं। प्रेम किसी विशेष से नहीं, बल्कि सबसे एक समान होता है। प्रेम अद्वैत है, जैसे प्रकृति भेदभाव रहित होकर सबके लिए समान रूप से उपलब्ध है, वैसे ही प्रेम से भरे व्यक्ति का शुभ भाव भी सभी के लिए होता है। प्रेम के दिव्य भाव में आने के लिए हमें अपने आप से जुड़ना होता है। जैसे-जैसे हम अंतरतम से एक होते जाते हैं, वैसे-वैसे हमारे भीतर 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का भाव प्रबल होता जाता है, क्योंकि चेतना के स्तर पर हम सब एक ही हैं। प्रेम भाव के द्वारा हमारा विस्तार अनंत ब्रह्मांड तक होने लगता है, उस पल व्यष्टि का समष्टि से महासंभोग हो जाता है। अब हम गिने-चुने लोगों तक ही प्रेम में सीमित नहीं रहते, क्योंकि प्रेम में सीमा नहीं होती। सूंघ-सूंघकर जब अपने वालों के लिए प्रेम किया जाता है, तब वह मोह होता है। मोह एक विकार है, लेकिन प्रेम तो निराकार है।

लोग कहते हैं हम प्यार में गिरते हैं, लेकिन वास्तव प्रेम में तो उड़ते और चढ़ते हैं। प्रेम हमें अनंत आकाश से जोड़ता है। प्रेम अपरिवर्तनशील और सार्वभौमिक है। प्रेम हमें अविचलित और संतुलित रखता हुआ जीवन को आनंद से भर देता है। प्रेम एक अनंत स्रोत है, जो कभी खत्म नहीं होता। प्रेम हमारा अस्तित्व है। प्रेम को हम वैसे ही महसूस नहीं कर सकते जैसे बर्फ अपनी ठंडक और आग अपनी गर्मी को महसूस नहीं कर सकती। क्योंकि प्रेम हमारा सच्चा स्वभाव है, जो मैं हूं उसको महसूस कैसे करूं? वास्तविक प्रेम तो ऐसा हो जैसा कृष्ण के लिए गोपियों का और शिव के लिए शक्ति का। यह दिव्य प्रेम निरंतर अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है।

अपनी आध्यात्मिक यात्रा में मैंने प्रेम और शुक्राना, इन दो अभ्यासों पर विशेष बल दिया है। शुक्राना जो हर पल भीतर से परमात्मा के लिए होता रहे और दूसरा है नित्य प्रेम। वैसे तो प्रेम के सभी रूपों को भावनाएं कहा जाता है, लेकिन भावनाओं का प्रवाह जब नकारात्मक होने लगे, तब वह प्रेम नहीं रह जाता। जब आप किसी को चाहते हैं, तो उसके लिए भीतर से उभरने वाली भावनाएं शरीर के हार्मोंस के आधार पर होती हैं, जो आज नहीं तो कल बदल जाएंगी। आज जिनके लिए मरने-मिटने की कसम खाते हैं, कल उनसे लड़ने लगेंगे। जिन संबंध में प्रेम आज सुख दे रहा था, कल पीड़ा देने लगेगा। शरीर की आवश्यकता को प्रेम नहीं आसक्ति कहते हैं।

हम नाम तो प्रेम का लेते हैं, लेकिन उसके पीछे छुपी कोई हमारी वासना होती है, जिसे हम प्रेम कहकर पूरा कर रहे होते हैं। युवक-युवती जब एक-दूसरे पर आसक्त होते हैं, तब उसको वो आसक्ति नहीं, बल्कि प्रेम का नाम देते हैं। मां-बाप जब स्वार्थ से बच्चों को प्रेम करते हैं, तब वह प्रेम नहीं मोह होता है। जैसे बहती नदी पवित्र और ठहरा पानी कीचड़ होता है, ऐसे ही बहता आत्म प्रवाह प्रेम और कहीं रुका हुआ मन मोह कहलाता है। यह मोह ही हमारे द्वेष, क्रोध और डर आदि विकारों का कारण है। क्षणिक प्रेम अंत में निराश करता है, लेकिन बिना शर्त का प्रेम जीवन को आनंद से भर देता है। प्रेम जब सिमटने लगे तो मोह, और मोह जब विशाल होने लगे तो प्रेम कहलाता है। अपने मोह को इतना बढ़ाते जाओ कि वह सीमाओं को तोड़कर असीम हो जाए।

# हमें सबमें परमात्मा को देखना चाहिए : संत गोपीराम

## श्री श्याम गौशाला मिंगनीखेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का पांचवां दिन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेड़ा में आयोजित श्री मद्भावगत कथा के पांचवें दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास संत श्री गोपी राम ने भागवत कथा के दौरान बताया कि मेरी दृष्टि से तुम भगवान हो तो तुम्हारी दृष्टि से मैं भगवान हूँ। तुम यह देखो कि यह भगवान हैं और मैं देखूँ कि तुम भगवान हो। वस्तुतः परमात्माके सिवाय दूसरी कोई वस्तु नहीं है। भले ही नाम अलग-अलग क्यों न हों, लोगों के दिमाग में जो संस्कार भर दिये गये हैं, उनके कारण मन में दुराग्रह आ जाता है और उससे आदमी बहुत दुःखी हो जाता है। समाधि लगाने से नाम रूप का तो लोप हो जाएगा, लेकिन आपके अन्तःकरण में जो संस्कार भरे हुए हैं, उनका लोप नहीं होगा। उन संस्कारों का तो उसी रास्ते से बोध करना पड़ता है, जिधर से वे आते हैं। लेकिन बिना सद्गुरु के उपदेश के, बिना वेदशास्त्रों के परम तात्पर्य को समझे उन संस्कारों का बोध नहीं हो सकता, उनकी तुच्छता का बोध नहीं हो सकता। संसार के जो लोग विकारों में फंसे हुए हैं, उनके लिए संस्कार की आवश्यकता होती है। संस्कार भी एक साधन है, एक उपाय है। वे जड़ता लाने अथवा दुराग्रही बनाने के लिए नहीं है। विकारों को नियन्त्रण में लाने के बाद संस्कारों का भी परित्याग होता है और वह होता है परमात्मा के तत्वज्ञान से। इस प्रकार सनकादि के उपदेश से पृथु को संस्कारों का बोध हो गया और उन्होंने अपनी पत्नी सहित वानप्रस्थाश्रम ग्रहण कर लिया। इस अवसर प्रधान सज्जन गर्ग, कैलाश चौधरी, मधुसुदन गुप्ता, होशियार सिंह, मजू गर्ग, डॉ. राज पराशर, डॉ. ललिता राजवंशी, संगीता गुप्ता, किरोड़ी मल गोयल, कुनाल सेठी, योगेश, कुलदीप ग्रोवर, ओमप्रकाश मिचू, बजरंग जिंदल, हरिसिंह कड़वासरा, कृष्ण कुमार, दर्शना बंसल, कांता गोयल, सुनीता गर्ग, आरती जैन, कृष्णा बंसल, उर्मिला चौहान, पूनम मित्तल तथा ग्राम मिंगनी खेड़ा, किरतान और आसपास के गांवों से काफी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया।

# श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता महालक्ष्मी की सवारी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** दक्षिण भारतीय शैली की नक्काशी से सुसज्जित श्री तिरुपति बालाजी धाम में उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के अवसर पर माता महालक्ष्मी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस शोभा यात्रा में हिसार व आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। अग्रोहा रोड पर टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ अर्चकों ने प्रातःकाल माता महालक्ष्मी का तिरुमंजन किया। इसके उपरांत माता को नए परिधान अर्पित कर श्रृंगार किया गया। इसी कड़ी में भोग व आरती के बाद सायंकाल नियमानुसार माता महालक्ष्मी को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया और फिर पूजा-अर्चना के साथ धूमधाम से सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की। सवारी शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय माता महालक्ष्मी, जय श्रीमन्ननारायण व जय श्री तिरुपति बालाजी का उद्घोष करते रहे। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

# 10 दिसंबर को कृपाल आश्रम में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** स्थानीय कृपाल आश्रम मिर्जापुर रोड में आगामी 10 दिसंबर को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कृपाल आश्रम, हिसार के प्रधान डॉक्टर के. एल. गुलाटी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर सुबह 10 से लेकर 2 बजे तक चलेगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने बताया कि सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिंदर सिंह जी महाराज फरमाते हैं कि जब भी हमें मौका मिले, हमें निष्काम सेवा जरूर करनी चाहिए। रक्तदान निष्काम सेवा का एक अनुपम उदाहरण है इसलिए सभी को इस पुनीत कार्य में अवश्य भाग लेना चाहिए।

# सुण मौल्लड़ की



भ्रष्टाचार पर नियंत्रण नहीं।

महंगाई की तरियां रेट बी दुगणे हो गे।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। अधिकारियों से कहासुनी का भय रहेगा। कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। दुर्गा माता की पूजा करें।
**वृषभ :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।
**मिथुन :** कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। षडयंत्र का शिकार हो सकते हैं। शिव परिवार की आराधना करें।
**कर्क :** प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा।
**सिंह :** यात्रा शुभ रहेगी। लम्बे समय से अटके कार्य पूरे होंगे। पड़ोसियों व रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें।
**कन्या :** वितीय मामले पक्ष में हल होंगे। बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी। व्यक्तिगत संबंध मधुर रहेंगे।
**तुला :** शरीर में थकान व मन में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में सावधानी बरतें। मेहनत का पूरा लाभ मिलना मुश्किल है। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**वृश्चिक :** बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। आय में बढ़ौतरी संभव है। मन में उत्साह बना रहेगा।
**धनु :** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी।
**मकर :** कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा। परिचितों की मदद कर प्रसन्नता होगी। अटकी योजनाओं में गति आएगी।
**कुंभ :** मन में अनहोनी का भय रहेगा। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। अपनों के व्यवहार से खिन्नता बढ़ेगी। लक्ष्मी माता की पूजा करें।
**मीन :** अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे। व्यक्तित्व में निखार आएगा। व्यापारिक सौंद लाभ देंगे।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# आप जैसे है वैसे ही खुद को स्वीकार करें

एक बार दो जेबकतरों ने अपना वेश बदला और जेतवन में महात्मा बुद्ध के प्रवचन सुनने पहुंच गए। वहां प्रवचन सुनने आए लोगों में दोनों ने जगह बना ली। उनमें से एक जेबकतरा बुद्ध की बातें ध्यान से सुनने लगा। कुछ ही देर में उसने तय कर लिया कि अब जीवन में बुद्ध के बताए मार्ग पर ही चलना है। वहीं दूसरा जेबकतरा ऐसे लोगों को खोजता रहा, जिनकी जेब काटी जा सके। धर्मसभा में उसे एक सेठ मिल भी गया। सेठ के वस्त्र रत्नजड़ित थे।



दूसरे जेबकतरे ने सेठ के कपड़ों में से रत्न और सोना काटकर निकाल लिया। उसे लेकर वह बाजार में गया और बेच आया। बेचने से उसे जो पैसे मिले, उससे उसने रात में एक से बढ़कर एक पकवान बनाए। वहीं दूसरा जेबकतरा सुधर चुका था, मगर उसके घर में पैसों की कमी थी। उस रात उसके घर में साधारण सा भोजन भी नहीं बन पाया। उसने रात भूखे रहकर काटी। सुबह हुई तो चोरी करने वाले जेबकतरे ने अपने मित्र का बहुत मजाक उड़ाया। वह बोला, 'तुम तो खुद को बहुत महान समझते हो। अब कहां गई तुम्हारी सारी महानता? तुम अपने लिए भोजन का भी इंतजाम नहीं कर पाए।'

अब मित्र ने सोचा कि काम तो इसने गलत किया, पर अच्छे-अच्छे पकवान इसी ने खाए, जबकि मुझे भूखे रहना पड़ा। वह वापस शास्ता के पास जेतवन पहुंचा और उन्हें पूरी बात बताते हुए पूछा, 'भंते, मैं उसकी तरह क्यों नहीं सोच पाता? वैसा सोचता तो शायद मैं भी आज सुखी होता।' बुद्ध बोले, 'तुम जैसे हो, वैसा खुद को स्वीकार किया- यही सबसे बड़ी बुद्धिमत्ता है। किसी और की तरह बनने की कोशिश करते रहोगे तो न अपनी तरह से जी पाओगे और न उसकी तरह बन पाओगे। जैसे हो वैसा ही खुद को स्वीकार करो, वहीं से उत्थान के द्वार खुलते हैं।'

AC
LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313

# प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 19 दिसंबर को सप्तमी के अवसर पर लगेगा विशाल मेला व भंडारा, निशुल्क जाएगी श्रद्धालुओं की बस

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की सप्तमी के पावन अवसर पर 19 दिसंबर को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में विशाल मेला लगेगा। इस दिन प्रातःकाल मां चण्डके देवी की विशेष पूजा व आराधना के उपरांत दोपहर को अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मेले, विशेष पूजा व भंडारे में पंचग्राम पाबड़ा के साथ-साथ बहुत से गांवों व दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। 20 दिसंबर को अष्टमी के दिन प्रातःकाल जनकल्याण के निमित मां चण्डके देवी परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस हवन-यज्ञ में भी काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि सप्तमी के अवसर पर मां चण्डके देवी की पूजा व आराधना के लिए 19 दिसंबर को श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था रहेगी। यह बस श्रद्धालुओं को लेकर 19 दिसंबर को प्रातः 8.30 बजे आजाद नगर के एसबीआई बैंक से चलेगी और रेड स्क्वेयर मार्केट के पास स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में पहुंचेगी। यहां से बस प्रातः 9.00 बजे पाबड़ा के मां चण्डके देवी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। मंदिर में दर्शन, पूजन व भंडारे के उपरांत श्रद्धालुओं की यह बस दोपहर को हिसार के लिए वापस चलेगी।




श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि मां चण्डके देवी मंदिर की काफी मान्यता है। बहुत से श्रद्धालु समय पर वाहन उपलब्ध न होने के कारण मां चण्डके देवी मंदिर नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए श्री श्याम मंदिर सेवा समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था की है।

उन्होंने बताया कि इस निशुल्क बस की व्यवस्था में एन. के. गोयल, वेदप्रकाश शर्मा, रुपचंद बंसल, सुंदर बगला, पूर्ण बिश्नोई, बजरंग गंगवा, देवेंद्र गर्ग, जगदीश सेक्ट्री, कैलाश बंसल, राजू चौहान व राजा कंडक्टर सहित काफी गणमान्य लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कोई भी श्रद्धालु निशुल्क बस यात्रा के लिए श्री श्याम मंदिर सेवा समिति से संपर्क कर सकता है।

उन्होंने बताया कि गांव पाबड़ा में स्थापित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक है। यहां पर हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से भी समय-समय पर भक्तगण पहुंचते हैं। दरअसल प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर गांव पाबड़ा के प्राकृतिक वातावरण में बना हुआ है। बड़े ही मनोरम तालाब के किनारे स्थित मां चण्डके देवी मंदिर में मां अन्नपूर्णा, श्री लक्ष्मी-नारायण, श्री राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, संतोषी माता, वीर हनुमान, शनिदेव एवं शिव-पार्वती सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर बनाए गए हैं।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास होने पर ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न होगा साकार : कैप्टन अभिमन्यू

## नारनौंद उपमंडल के गांव माढ़ा व माजरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को किया संबोधित बोले, केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से आया वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** हिसार के नारनौंद उपमंडल के गांव माढ़ा व माजरा में वीरवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। सरकार का मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आधार मान कर ही गरीबी मिटाने का कार्य प्रारंभ किया है। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

**स्टॉल का किया अवलोकन**

उन्होंने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच व आरोग्य शिविर भी आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, कृषि व बागवानी, स्वामित्व योजना, कॉमन सर्विस सेंटर तथा बैंकिंग सेवाओं हेतु हेल्प डेस्क भी लगाए गए।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इन योजनाओं की दिखाई दे रही झलक**

'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसवांद में विभिन्न विभागों द्वारा स्टालें लगाकर सरकार द्वारा लागू की गई स्वामित्व योजना, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री-स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण तथा शहरी), कर्मयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं बारे जागरूक किया गया।

**हमारा संकल्प-विकसित भारत' की दिलाई गई शपथ**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

**इन गांवों में भी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

नारनौंद उपमंडल के अलावा बरवाला के गांव ढाणी गारन तथा पंघाल, हिसार ब्लॉक-1 के गांव भगाना व डाबड़ा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। बरवाला उपमंडल में पूर्व विधायक वेद नारंग, भगाना में नरेश नैन तथा डाबड़ा में संजय सूरा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लोगों से सीधा संवाद किया।

इस अवसर पर अजय सिंधू, जिला महामंत्री प्रवीन पोपली, यात्रा के संयोजक जयवीर माजरा, गांव माढ़ा के सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, अशोक माजरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# प्रत्येक माह नागरिकों को मिलेगा बिजली का बिल : रणजीत सिंह

## ऊर्जा मंत्री ने बिजली पंचायत में सुनी जन समस्याएं, समस्याओं के निवारण हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित बिजली पंचायत में शिरकत कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। समस्याओं के निवारण हेतु उन्होंने अधिकारियों को तत्परता से समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बिजली पंचायत में चार जिलों की 20 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न गांवों से आए हुए जन प्रतिनिधियों ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। बिल देरी से आने की समस्याएं को लेकर उन्होंने कहा कि इस विषय बारे बैठक आयोजित करके जल्द ही निर्णय लिया जाएगा, ताकि प्रत्येक माह नागरिकों को बिजली के बिल मिल सके। इसके अतिरिक्त बिजली पंचायत में लटकी बिजली की तारे, ट्रांसफार्मर लगाने, तीन फेस सप्लाई लाईन, रिहायशी क्षेत्रों से 11 व 33 किलो वाट की लाईनों में आने वाले अवरोधों को हटाने, शिफ्ट करने व कसने तथा ढाणियों में बिजली से संबंधित शिकायतें सामने आई। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को ढाणियों में लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र मुहैया करवाने व उपभोक्ताओं के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने की हिदायत दी। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को ओवर बिलिंग के मामलों का निपटान, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने व बिजली चोरी की रोकथाम, ओवरलोड की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से कहा कि वे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करें। हाई वोल्टेज लाइन पर अतिरिक्त सावधानियां बरती जाएं ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। स्मार्ट मीटर के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करें। ऊर्जा मंत्री ने निगम के अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करने तथा जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिक स्तर पर करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर जीते गए हैं। प्रधानमंत्री के चेहरे की वजह से लोगों के अनुमान से ज्यादा लोगों ने वोट दिए हैं। हरियाणा में गठबंधन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह हाई कमान का मामला है। इस पर वे कुछ नहीं कह सकते हैं। अगले साल फरवरी में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें हिसार लोकसभा से टिकट मौका मिला तो वह चुनाव जरूर लड़ेंगे।

इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला पार्षद सत्यवीर सिंह, हिसार लोकसभा प्रभारी संदीप यादव सहित बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# आम जनता को मिल रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ : रणधीर सिंह धीरू

## पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने गांव डाबड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों से किया संवाद






**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 8 दिसम्बर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों व वंचितों तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई है और इसका आम जनता को काफी लाभ मिल रहा है। यह बात आज पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू ने वीरवार को बरवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव डाबड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी धरातल स्तर पर वंचितों तक पहुंचाने का काम यात्रा के माध्यम से किया जा रहा है। यह यात्रा सही मायनों में भारत को विकसित बनाने का काम करेगी। पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री-स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आत्मनिर्भर भारत रोजगार और प्रदेश की मनोहर लाल सरकार ने परिवार पहचान पत्र, हर घर जल, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, स्वामित्व योजना व चिरायु हरियाणा जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कर एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण पोपली, जिला सचिव संजय सूरा, सरपंच सूर्यदीप, पंचायत अधिकारी सुधीर, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा व अजमेर पान्नू आदि भी उपस्थित रहे।

# विदेशी वैज्ञानिकों ने हकृवि के शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को दिया अपने संस्थानों में आने का निमंत्रण

## हकृवि के एमएससी व पीएचडी छात्रों को मिलेगा विदेशी संस्थानों में जाकर ज्ञान अर्जित करने का मौका



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से बैठक की और हकृवि के शैक्षिक व अनुसंधान कार्यक्रमों पर विस्तार से बातचीत की।

इस बैठक में अमेरिका के टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी. कापारेडा ने हकृवि में शोध के प्रति सकारात्मक माहौल को देखते हुए अपने संस्थान की तरफ से यहां के वैज्ञानिकों खासतौर से विद्यार्थियों को टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण व अनुसंधान के लिए जरूरी तकनीकों को जानने के लिए निमंत्रण दिया। फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर ने हकृवि के शोध व शिक्षण को पूरी तरह से किसानों पर केंद्रित व कृषि उत्पादन बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने हकृवि के विद्यार्थियों को अपने देश के संस्थानों में प्रशिक्षण व शोध संबंधी विकल्प देने की बात कही, जिससे हकृवि के एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों को लाभ होगा।

इसी प्रकार जर्मनी के गटींगम से डॉ. डिटर एच. त्रुट्ज ओस्नाब्रुक ने कहा कि यह सम्मेलन कृषि सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े रोचक व महत्वपूर्ण विषयों के बारे में ज्ञान प्रदान करने में बहुत सफल रहा है। इसमें यूरोप व एशिया महाद्वीप के देशों की जलवायु की भिन्नता से लेकर कृषि समस्याओं को जानने का अवसर भी मिला है। उन्होंने हकृवि के शोद्यार्थियों को जर्मनी की तरफ से निमंत्रण दिया। कोलम्बिया से आए डॉ. देवकी नंदन ने कहा कि हकृवि में आयोजित किए गए इस सम्मेलन में उन्हें व्यक्तिगत तौर पर अन्य देशों से आए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ ज्वलंत मुद्दों पर मंथन करने का अवसर प्रदान किया है। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं को भी सराहा।

कजाखिस्तान से डॉ. एर्माकोवा ओक्साना व डॉ. विक्टर कामकिन ने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर उन्हें नई-नई जानकारियां प्राप्त करने पर अवसर प्राप्त हुआ है। अफ्रीका के वैज्ञानिक डॉ. राबे यहाया ने हकृवि की प्रयोगशालाओं के उच्च मापदंड, सुविधाओं के साथ वैज्ञानिकों के अनुभव की तारीफ की और हकृवि के साथ परस्पर सहयोग, शोध व नवीनतम तकनीकों को हस्तांतरण करने की अपील की। उन्होंने मानवीयता की दृष्टि से हकृवि की कृषि तकनीकों को अफ्रीकन किसानों को उपलब्ध करवाने की अपील की ताकि वहां के किसानों के आर्थिक व सामाजिक स्तर को सुधारने में मदद मिल सकें।

इस बैठक में विदेशी वैज्ञानिकों ने सम्मेलन की व्यवस्थाओं के बारे में भी जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से कृषकों व विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं व प्रौद्योगिकियों को भी सराहा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बैठक में उपस्थित समस्त विदेशी वैज्ञानिकों को पगड़ी पहनाई, साथ ही उनका अभिवादन कर आभार जताया।

इस अवसर पर डेनमार्क से डॉ. अहमद जहूर, जापान से प्रोफेसर यो तोमा, कजाकिस्तान से डॉ. विक्टर कामकिन व डॉ. ओक्साना एर्माकोवा, फ्रांस से डॉ. बोचाइब खदरी, पौलेंड से डॉ. टकाओ इशिकावा, मिस्त्र से डॉ. हॉसम रूश्दी, सीम्यीट मैक्सिको से डॉ. एम.के. गथाला एवं डॉ. मैक्सवेल मकोंडीवा,, ब्राजील से डॉ. फ्रांसिस्को फग्गिओं व डॉ. वाल्मी हैजे-फग्गिओं, ईरी-शार्क से डॉ. राबे याहया, ईक्रीसेट से डॉ. एस.के. गुप्ता, कैलिफोर्निया से डॉ. चंद्र पी. अरोड़ा सहित इत्यादि वैज्ञानिकों ने भविष्य में हकृवि के साथ एमओयू करके संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, शिक्षण व अनुसंधान करने पर जोर दिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से डोभी के ग्रामीण हुए लाभांवित : हिन्दुस्तानी

## सरपंच एवं पंचायत सदस्यों सहित अन्य ने किया गांव में पहुंचने पर यात्रा का स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए गांव-गांव जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने कार्यक्रम के तहत डोभी गांव पहुंची। यात्रा का गांव में पहुंचने पर सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने पंचायत सदस्यों के साथ स्वागत किया और इसे लाभप्रद बताया। सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने बताया कि डोभी गांव के मुख्य बस स्टेंड के पास स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में विकसित भारत-संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इसमें फैमिली आईडी, राशनकार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान योजना, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, आय प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सैनिक एवं अर्धसैनिक विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित जानकारियां दी गई। इसके अलावा टीबी जैसी भयानक बीमारियों से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया। सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने बताया कि डोभी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इसमें ग्रामीणों को विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने पंचायत विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाया। सरपंच ने यात्रा को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों का आभार जताया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी ने की जबकि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल इसमें विशिष्ट अतिथि रहीं। भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण पोपली इस दौरान मुख्य अतिथि रहे। उपरोक्त के अलावा इस अवसर पर जगदीश राम सोनी, नंदलाल पटवारी, धर्मपाल, नवीन, विजेंदर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरजभान मेहला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# जीजेयू में एसएसबी क्लब द्वारा एसएसबी तैयारी पर वेबिनार आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 8 दिसम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के अंतर्गत एसएसबी क्लब के सौजन्य से एसएसबी के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 'एसएसबी के लिए तैयारी के व्यावहारिक तरीके' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। 17 एसएसबी बैंगलोर में साक्षात्कार अधिकारी एवं उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके सेवानिवृत कर्नल एम.एम. नेहरू वेबिनार के मुख्य वक्ता थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने एसएसबी साक्षात्कार की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से हुए इस वेबिनार के लिए एसएसबी क्लब को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसे सभी कार्यक्रमों का पूरा उपयोग करने की अपील की।

## धर्म-कर्म सेवा समिति ने भूमि आश्रम में बांटी जुराबें



**-पाठकपक्ष न्यूज-** धर्म-कर्म सेवा समिति के सभी मेंबर्स ने भूमि आश्रम में जाकर सॉक्स जुराब डोनेट की और वह यह 1 साल से सेवा कंटिन्यू करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे धर्म-कर्म सेवा समिति के मेंबर।

## विभिन्न जूडो प्रतियोगिताओं में छाये सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** तीसरी खेलो इंडिया नॉर्थ जोन महिला जूडो टूर्नामेंट का आयोजन 18 से 21 नवंबर को स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में किया गया था, जिसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा ज्योति ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर स्वर्ण पदक और 5000 रूपए का नगद पुरस्कार हासिल किया। सी.बी.एस.ई. जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 26 नवंबर के मध्य मॉडर्न स्कूल, नोएडा में किया गया जिसमें कक्षा नौवीं की ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण और कक्षा ग्यारहवीं की प्रांजल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीते। एक अन्य प्रतियोगिता सब जूनियर हरियाणा राज्य स्तरीय जूडो का आयोजन 26 और 27 नवंबर को कैथल में कैथल स्टेडियम में किया गया, इसमे भी ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। सिद्धार्थ प्रबंधन समिति द्वारा इन दोनों खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी गई। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

## बहुतकनीकी की एनएसएस इकाई ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आयोजित किए कार्यक्रम

### झण्डा दिवस सैनिकों के परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है : डा कुलवीर सिंह अहलावत




**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 8 दिसम्बर :** भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग और समर्पण के सम्मान में राजकीय बहुतकनीकी की एनएसएस इकाई ने सात दिसंबर को संस्थान में हर्ष के साथ सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा कुलवीर सिंह अहलावत ने अपने संदेश में कहा कि झण्डा दिवस हमारे सैनिकों और उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। एनएसएस अधिकारी डा राकेश शर्मा ने कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बल निस्वार्थ और उल्लेखनीय बहादुरी के साथ हमारे महान राष्ट्र की सेवा कर रहे है। कार्यक्रम सह संयोजक मनोज गोस्वामी ने इस दिन की महता बताते हुए छात्रों को सैनिकों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने व सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अपना उदारतापूर्ण योगदान देने के लिए शपथ दिलवाई। तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने सैनिकों के कल्याण हेतु स्टाफ सदस्यों व छात्रों से स्वेच्छा से दिए गए दान को एकत्रित किया गया जिसे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में जमा करवाया जायेगा। स्वयं सेवकों ने इस अवसर पर देशभक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी।

## सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के हैंडबॉल खिलाड़ियों ने रचा इतिहास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** सीबीएसई राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप जो 30 नवंबर 3 दिसंबर तक हरिद्वार में सम्पन्न हुई में सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर गांव सातरोड़ के खिलाड़ियों ने फ़ाउंडेशन के कोच श्री सतवीर सिंह पानू के नेतृत्व में भाग लिया व स्वर्ण पदक प्राप्त कर हिसार व हरियाणा का नाम रोशन किया है। ये सभी खिलाड़ी सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन हैंडबाल ट्रेनिंग सेंटर गाँव सातरोड में नियुक्त फ़ाउंडेशन के कोच सतवीर सिंह पानू के कड़े परिश्रम व उनकी तकनीकी अभ्यास का ही नतीजा है कि हरियाणा सीबीएसई कि टीम के सभी खिलाड़ी श्री सतवीर पानू की देख रेख में दिन रात अपने सपनों को साकार किए हुए हैं। ज्ञात रहे कि लगभग 150 लड़के लड़कियाँ फ़ाउंडेशन के कोच श्री सतवीर सिंह पानू की देख रेख में सुबह शाम अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ा परिश्रम कर रहे हैं। यह जानकारी फ़ाउंडेशन के खेल इंचार्ज श्री सूबे सिंह बेनीवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। बाबा रामदेव ने हरियाणा के विजेता टीम को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया और निर्णायक मंडल द्वारा फ़ाउंडेशन के खिलाड़ी विपुल को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

# प्रदेश में भाईचारा बिगाड़ने वाली ताकतों को सत्ता से बेदखल करने का काम करें : ओ.पी. चौटाला

# प्रदेश के सभी 90 हलकों में पुन: लोगों के बीच जाएगी इनेलो : अभय चौटाला

### 16 दिसंबर को कुरुक्षेत्र के शाहबाद से शुरू होगी रथ यात्रा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने गत वीरवार को हिसार में राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक ली। बैठक में प्रदेश भर के पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अभय चौटाला ने आगामी 16 दिसंबर से पार्टी द्वारा प्रदेश भर में शुरू की जाने वाली रथ यात्रा व पार्टी संगठन की मजबूती के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 90 हलकों में यह रथ यात्रा जाएगी। उन्होंने बैठक में मौजूद पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को रथ यात्रा की तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और मैंबरशिप बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में यदि सबसे मजबूत स्थिति में कोई पार्टी है तो वह इनेलो है। कांग्रेस का जो हाल पांच राज्यों के चुनावों में हुआ है उससे भी बदतर हालात इस पार्टी के हरियाणा में होने हैं क्योंकि इसमें सभी कागजी लोग भरे हुए हैं जो धरातल पर काम करने के बजाय केवल बयानबाजी पर जोर देते हैं। वहीं सत्ता पक्ष से लोगों विश्वास पूरी तरह से उठ चुका है और यह नेतृत्वहीन हो चुकी है और प्रदेश में कांग्रेस की हालत पतली है। बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की बदहाली, कर्मचारियों का शोषण ये ऐसे ज्वलंत मुद्दे हैं जो भाजपा सरकार को कटघरे में खड़े कर रहे हैं। भाजपा सरकार किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन है किसानों को अपने हकों के लिए रोज अलग-अलग जिलों में आंदोलन करने पड़ रहे हैं।

अभय चौटाला ने कहा कि यदि वर्तमान में प्रदेश में कोई पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में है तो वह इनेलो ही है जिसके पास सबसे मजबूत संगठन है जिसका एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। पार्टी सुप्रीमो औमप्रकाश चौटाला 90 वर्ष की आयु में भी पूरे सक्रिय हैं और हमारे लिए वे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से हम प्रदेश के जनता के बीच इनेलो की नीतियों को लेकर जाएंगे और सरकार की खामियों को जनता के सामने उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि वे लोगों के बीच बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, महंगाई, किसानों को मुआवजे आदि मुद्दों को लेकर जाएंगे। उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की रथयात्रा के ड्यूटी लगाई और सभी से इसके लिए कमर कस कर जुट जाने के लिए कहा।

इनेले सुप्रीमो चौ. औमप्रकाश चौटाला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसने प्रदेश के सभी वर्गों को जाति, पाति व धर्म के नाम पर आपस में लड़ाने का काम किया और फूट डालकर प्रदेश के भाईचारे को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसी ताकतों को सत्ता से बेदखल कर हमें हरियाणा फिर से वही भाईचारा और सद्भाव कायम करना है। कार्यकर्ता चुनावों की तैयारियों में कमर कस कर जुट जाएं आने वाला समय इनेलो का है। प्रदेश में वर्तमान में जो भी बेरोजगारी, किसान, व्यापारी व आम जनता की समस्याएं हैं उन्हें इनेलो प्राथमिकता से हल करेगी। पूरे प्रदेश में पार्टी की रथ यात्राओं में सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत करके इसे सफल बनाने का काम करें।

बैठक में इनेलो सुप्रीमो औमप्रकाश चौटाला, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौ. अभय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी, श्याम सिंह राणा पूर्व विधायक, रिटायर्ड डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, प्रकाश भारती राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा देवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, भूपेंद्र दरियापुर कसवां, राजेश गोदारा प्रदेश महासचिव, अश्विनी दत्ता मैंबर पीएसी, जाहिद खान अल्पसंख्यक आयोग प्रदेशाध्यक्ष, स. नछतर सिंह कार्यालय सचिव, श्याम सिंह राणा, सुरेश शर्मा वरिष्ठ इनेलो नेता, सतबीर सैनी प्रवक्ता, राजसिंह मोर रिटायर्ड एसपी, देवीलाल सिहाग,चतर सिंह स्यहाड़वा, जिला अध्यक्ष सतबीर सिसाय, ललिता टाक महिला जिला अध्यक्ष, अन्नू सूरा, राजीव राजा, रमेश चुघ जिला प्रवक्ता के अलावा सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश कार्यकारिणी के हलका व जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

# वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तथा जिले की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने जिले की विकास परियोजनाओं एवं योजनाओं की समीक्षा हेतु अधिकारियों की ली बैठक

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बेटी को जन्म देने वाली जननियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त व जिले की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंन कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर आचार संहिता लगने से पूर्व ही सभी कार्य पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता से कार्य किया जाए।

वे वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में लोक निर्माण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी विकास प्राधिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा का अधिकार अधिनियम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थी। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह, नगर आयुक्त प्रदीप दहिया, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने जिले में पुलिस विभाग के अधिकारियों से एनडीपीएस एक्ट, आर्म एक्ट, पोक्सो एक्ट, पीसी एक्ट, हत्या, हत्या प्रयास, छेड़छाड़, चोरी, लुटपाट जैसी घटनाओं में की गई कार्रवाई के बारे में भी पूछा और उन्हें संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने, वाहन चोरी मामलों तथा चैन स्नेचिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाने की दिशा में जरूरी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को ग्राम संरक्षक पोर्टल पर अपने-अपने गांवों से संबंधित समस्याओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट अपलोड करने की हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने द्वारा गोद लिए गए गांवों का नियमित रूप से दौरा करें। इसके अतिरिक्त संबंधित उन्होंने स्कूलों में बेहतरीन आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, छात्रवृत्ति, ई-अधिगम, विज्ञान मेले, विद्यार्थियों के दाखिले एवं परीक्षा परिणाम में सुधार संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने 25 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट ली। महिला एवं बाल विकास की योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक सचिव ने बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बेटी को जन्म देने वाली जननियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल के साथ-साथ उपमंडल अस्पतालों में भी 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा महिलाओं की डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को शिशू मृत्यु के मामलों में कमी लाने, टीकाकरण, डेंगे, स्वाईंग फ्लू, जन्म दर संबंधित मामलों में तत्परता से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों से जिले में कुल आयकर टैक्स व जीएसटी टैक्स के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली।

प्रशासनिक सचिव ने लोक निर्माण के अधिकारियों को विभाग के मुख्य कार्य हिसार एयरपोर्ट, रेवेन्यू कॉलोनी लघु सचिवालय, नए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, गांव बीड़ स्थित चाईल्ड ऑब्जर्वेशन होम, सूर्य नगर फाटक के आरोबी व आरोवी, बरवाला वाटर वर्क्स, आदमपुर वाटर वर्क्स व एसटीपी तथा सड़कों के निर्माण व अन्य सबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण रिपोर्ट सबमिट करवाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुझाए गए विभिन्न बिंदुओं की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ड्रेन संबंधित निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों को 15 दिनों का प्रशिक्षण, 3 लाख रुपये का ऋण-लाभ व 500 रुपये प्रतिदिन का वजीफा किया जाएगा वितरित

### अतिरिक्त उपायुक्त ने योजना की समीक्षा हेतु संबंधित अधिकारियों की ली बैठक, मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत जिला व्यापार मेला आयोजन के संबंध में भी अधिकारियों को दिए निर्देश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कारीगरों के उत्थान के लिए 17 सितंबर से पीएम विश्वकर्मा योजना को लॉन्च किया गया है, जिसके तहत पात्र व्यक्ति को 3 लाख रुपये का ऋण व प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

वे वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इसके अतिरिक्त बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बजट घोषणा के अंतर्गत जिला व्यापार मेला आयोजन के संबंध में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को पीएम विश्वकर्मा योजना के पात्र व्यक्तियों को लाभ देने में बेवजह देरी ना तथा संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना से लाभांवित करने के लिए पात्र कारीगरों को पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने वाले कारीगरों के व्यवसाय को ग्राम स्तर पर सरपंच और शहरी क्षेत्र में नगरपालिका व नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा वैरिफाई किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना में 23 लाख लोग पंजीकृत हो चुके हैं तथा पूरे भारतवर्ष से योजना के तहत 30 लाख लाभार्थियों को के परिवारों में से एक सदस्य जिसकी उम्र 18 वर्ष या इससे अधिक है, उसे लाभांवित किया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत पात्र व्यक्तियों द्वारा लाभ प्राप्त करने के लिए वेबसाइट https://pmvishwakarma.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अतिरिक्त पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद उसकी वेरिफिकेशन होगी। इस योजना में लाभार्थी 15 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र होंगे और इसके तहत 500 रुपये प्रतिदिन का वजीफा वितरित किया जाएगा। डिजीटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सरकार शिल्पकारों को 100 रुपये प्रति माह लाभ देगी। सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत विश्वकर्मा समुदाय से संबंध रखने वाले पारंपरिक कारीगरों को टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में 18 तरह के शिल्प व व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बढ़ई (सुथार), नाव बनाने वाला, कवच बनाने वाला, लोहार, हथौड़ा और टूल किट बनाने वाला, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार/पत्थर तराशने वाला/पत्थर तोडने वाला, मोची (चर्मकार)/जूता बनाने वाला/फुटवियर कारीगर, मेसन (राजमिस्त्री), टोकरी बनाने वाला/टोकरी वेवरः चटाई बनाने वाला/कॉयर बुनकर/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना बनाने वाला (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी (दारजी) और मछली पकडने का जाल बनाने वाला शामिल हैं।

बैठक में माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल, जिला एमएसएमई केंद्र के संयुक्त निदेशक गुरप्रताप सिंह, डीडीए राजबीर, एलडीएम विजेंद्र सिंह, डीएचओ विशाल गुप्ता, हरियाणा ट्रेडर वैलफेयर बोर्ड से अशोक कनोजिया व गुड्डू, एमएसएमई केंद्र से निशा बतरा, सतीश कुमार, आकाश, पवन, सुधीर पांचाल, विजेंद्र सिंह, आदि उपस्थित थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार की हुई बैठक, 9 दिसंबर को कृषि मंत्री जेपी दलाल के खिलाफ लेंगे कड़ा निर्णय



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** संयुक्त किसान मोर्चा हिसार की मीटिंग शमशेर सिंह नम्बरदार, रणबीर मलिक एंव करतार सिवाच की संयुक्त अध्यक्षता में किसान रेस्ट हाऊस हिसार में हुई। संयुक्त किसान मोर्चा हिसार के सदस्य सरदानन्द राजली ने जारी एक प्रेस ब्यान में बताया कि मीटिंग में सर्वसहमति से फैसला हुआ कि 9 दिसंबर को कृषि मंत्री जेपी दलाल के खिलाफ़ कड़ा निर्णय लेने के लिए गिगनाऊ लुहारू में होने वाली महा पंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार पांचों टोलों से सभी किसान मजदूर संगठनों से सैकड़ों की संख्या में किसान मजदूर साथी जाएंगे। 11 दिसम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार के किसान मजदूर क्रांतिमान पार्क में इक्कठा होंगे और डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालेंगे और डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। 11 दिसम्बर संयुक्त किसान मोर्चा,हरियाणा के नेता भी शामिल होंगे। ज्ञापन में 72 गांवों का बीमा क्लेम एंव फसल बीमा जल्द दिया जाएं,किसान नेता युद्धवीर सहरावत को गैर कानूनी तरीके से गिरफतार करना। केसीसी के पैसे वापस भेजना आदि मुद्दों का ज्ञापन सौंपेंगे। कुलदीप पुनिया, समुन्द्र मलिक, सतबीर पुनिया, हर्षदीप गिल, सतवीर धायल, रामबीर न्योली, देवेन्द्र लौरा, गोलू डाटा, कैलाश मलिक, कृष्ण, प्रेम खरड, भरतसिंह बूरा, सुबेदार राजाराम, बलराज, विजय जागलान, कृष्ण पाली, कुलदीप फोगाट, कृष्ण सावंत, अमरसिंह, राकेश कुलेरी आदि शामिल रहे।

# फिजियोथेरेपी के माध्मय से रोजाना मरीजों का किया जा रहा है ईलाज : जसवंत दादरीवाला




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** हिसार के दिल्ली रोड़ पर स्थित गणेश नगर गली नंबर तीन में टेल्मोस कार के शो रुम के सामने में दस दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप की शुरुवात हुई। कैंप पद्रंह दिसंबर तक चलेगा जिसमें फिजियोथेरेपी से संबंधित मरीजों का ईलाज किया जाएगा। विमेन्स ग्रुप इंडिया द्वारा संचालित शिविर का विधिवत उद्धाटन'उद्योगिक सलाहकार बाल किशन वर्मा उद्योगिक सलाहकार हिसार के कर कमलों द्वारा किया गया। कैंप के दौरान थैरपी के माध्मय से अस्सी मरीजों का ईलाज कर रहे है। फिजियोथेरेपी कैंप सुप्रसिड डॉ. बगैर दवाई के फिजियोथेरेपी, नैचरोपैथी, प्राकृतिक चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे है। देहरादून से भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवम अधिकतर प्रांतीय सरकारों द्वारा पुरुस्कृत डॉ. अमित सोनी, उतराखण्ड प्रदेश उपाध्यक्षा डा. प्रीति चौहान हरिद्वार से, राजस्थान झुंझनू से नशामुक्ति हड्डी विशेज्ञ डॉ. सतवीर नेहरा हरियाणा से डॉ पिंकी दलाल एवम् डॉ रितु लोचब की सेवाए दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देहरादून में कैंप का आयोजन किया गयचा जिसमें विमेन्स ग्रुप इंडिया जिसमें देहरादून के चिकित्सक जिलाध्यक्ष डॉ अमित सोनी को, उतराखंड प्रदेशउपाध्यक्षा डॉटर प्रीति चौहान, उतराखण्ड प्रदेशाध्यक्ष श्री रमेश रोहिल्लाको अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रवीण तोगड़िया में हरिद्वार में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया है। विमेन्स ग्रुप इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत दादरी वाला ने बताया कि कैंप का समापन पद्रह दिसंबर को किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री ऋषि सोनी के अनुसार समापन के दिन ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी जिसमें विभिन्न मदुदो पर चर्चा होगीऔर दोबारा नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। बैठक की अध्यक्षता सरक्षक संजय सातरोड़िया करेगे जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी और दोबारा नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# सवा लाख फूलों से रानी सती दादी का महाभिषेक व नौकाविहार 20 दिसंबर को और मंगलपाठ व मायरा 21 दिसंबर को

## रानी सती दादी का महाभिषेक, मंगलपाठ व मायरा कार्यक्रम देखकर श्रद्धालु हो जाएंगे अभिभूत : अशोक मंगालीवाला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** हिसार के सेक्टर 16-17 में स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर हिसार धाम में 20 दिसंबर को सवा लाख जवा फूलों से श्री दादी का महाभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत नौकाविहार का आयोजन होगा। इसी कड़ी में 21 दिसंबर को श्री दादी का मंगलपाठ व मायरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इन धार्मिक कार्यक्रमों में हिसार सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने बताया कि श्री रानी सती दादी के प्रति आस्था व्यक्त करने के लिए 20 व 21 दिसंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन दोनों दिनों में आयोजित होने वाले श्री दादी का महाभिषेक, नौकाविहार, मंगलपाठ व मायरा कार्यक्रम देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्री दादी के प्रति भक्तों की काफी मान्यता है। इसलिए विशेष दिवसों व त्योहारों पर श्री रानी सती दादी मंदिर हिसार धाम में श्रद्धालुओं का पारावार नहीं रहता।


मंगालीवाला ने बताया कि श्री रानी दादी मंदिर परिसर में विशालकाय सती मंदिर, शिवालय, शिव मंदिर, श्री हनुमान, राम दरबार व श्री राधा-कृष्ण के मंदिर भी शोभायमान हैं। इनके अतिरिक्त मां दुर्गा, श्री गणेश, भगवान वेंकटेश्वर, मां सरस्वती, श्री विश्वकर्मा, नव ग्रह, शीतला माता एवं भैरव बाबा का मंदिर भी निर्मित किया गया है। अपने-अपने इष्ट की आराधना करने के लिए काफी तादाद में भक्त नियमित रूप से श्री रानी दादी मंदिर में पहुंचते हैं। मंदिर में समय-समय पर भंडारे एवं उत्सवों का आयोजन भी किया जाता है। मंदिर परिसर में स्थापित तालाब में स्नान करके लोग अपने आप को धन्य मानते हैं। मान्यता है कि इस तालाब में स्नान करने से चर्म रोगों से छुटकारा मिलता है, इसलिए यहां स्नान करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं।

उल्लेखनीय है कि जनसेवक अशोक मंगालीवाला की धार्मिक स्थलों के प्रति विशेष श्रद्धा है। इसलिए वे सेक्टर 16-17 में स्थित श्री रानी दादी मंदिर में परिवार सहित पहुंचकर सभी उत्सव व त्योहार मनाते हैं।

# श्रीराम आईटीआई में 13 दिवसीय निशुल्क सीसीटीवी कैमरा रिपेयरिंग कोर्स शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**अग्रोहा, 8 दिसम्बर :** अग्रोहा से आदमपुर रोड पर स्थित श्रीराम प्रा. आईटीआई में निशुल्क सीसीटीवी कैमरा इंसटालनेशन और रिपेयरिंग का कोर्स प्रारंभ किया गया। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा द्वारा 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पहले दिन प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी धर्मवीर खीचड़ द्वारा रिबन काट कर किया गया। जानकारी देते हुए प्रशिक्षण संस्थान अनुदेशक चंचल वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को यह निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएल एवं ग्रामीण गरीब परिवारों से बेरोजगार नवयुवक एवं युवतियों तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ना है। जिससे वे अपनी इच्छानुसार गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े होकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान निशुल्क वर्दी, स्टेशनरी सहित भोजन आदि की व्यवस्था भी की गई है। चंचल वर्मा ने बताया कि स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा कम अवधि के प्रभावी



अग्रोहा श्रीराम आईटीआई में प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि व साथ में स्टाफ सदस्य।

व प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाते है। प्रशिक्षण में थ्योरी एवं प्रेक्टिकल के साथ साथ सॉफ्ट स्किल व हार्ड स्किल का समावेश रहेगा। प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को सफलता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सफलता का प्रमाण पत्र स्वरोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को बैंक ऋण में मददगार होता है। इस दौरान आईटीआई निदेशक सुनील सेन, अनुदेशक सुशीला गोदारा, संदीप बिजारणिया, सचिन ग्रोवर, सुरजमुखी, ज्योति, प्रवीन फूलभाटी, सहित स्टाफ सदस्य व प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# हिसार में ट्रांसपोर्ट कर्मी से 4.99 लाख रुपए की ठगी : पेंडिंग बिल ऑनलाइन भरने के लिए भेजा लिंक, क्लिक करते ही अकाउंट खाली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** हिसार में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले एक व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। फ्रॉड करने वाले व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को फोन कर बिजली का कनेक्शन काट देने की धमकी दी। जिसके चलते एक माह का पेंडिंग बिल ऑनलाइन भरने के लिए कहा इसके लिए फ्रॉड करने वाले व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो सेक्टर 15 निवासी नरेश कुमार के खाते से 5 बार ट्रांजैक्शन हुई और 4,99,580 रुपए खाते से साफ हो गए।

**बिजली का कनेक्शन काट देने की धमकी**

साइबर थाने में शिकायत देने वाले नरेश कुमार ने बताया कि वह और उसका परिवार सेक्टर 15 में रहता है। वह गुजरात में ट्रांसपोर्ट का काम करता है। 28 नवंबर को उसके पास एक फोन आया। फोन पर बातचीत कर रहे व्यक्ति ने खुद का नाम सुरेश बताया और कहा कि वह राजकोट इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस गुजरात से बात कर रहा है आपने पिछ्ले महीने का बिजली का बिल नहीं भरा है जिसके कारण आपका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा।

**बिजली का बिल भरने के लिए भेजा लिंक**

शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद फोन पर बातचीत कर रहे व्यक्ति ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजा और कहा कि इस लिंक पर क्लिक करके एक बार 3 रूपए भर दो जब लिंक खोलकर 3 रूपए पेमेंट करने की कोशिश की तो खाते से पहली बार में 2,100,12 रूपये कट गए, दूसरी बार 1,11,940 रुपये, तीसरी बार 49,999 रुपये, चौथी बार 49,975 रुपये व पांचवी 49,991 रूपये बैंक खाते से कट गए। इसके बाद HDFC BANK से 27,663/- रुपये कट गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि फोन पर बातचीत करने वाले व्यक्ति ने कुल 4,99,580 रुपए की धोखाधडी की है।

नरेश ने बताया कि उसका भाई मुंबई में बिजनेस करता था जिसकी बीमारी के कारण मौत हो गई। अंतिम संस्कार के अगले दिन आरोपी का फोन आया। भाई की मौत के दुख के कारण वह फ्रॉड करने वाले की बातों में आ गया जिसके कारण आरोपी ने धोखाधड़ी करके पैसे ठग लिये ।

फिलहाल साइबर थाना पुलिस ने धारा 379,420 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश से शुरू कर दी है।

# प्लाट की कन्वेंस डीड न मिलने से परेशानी झेल रहा प्लाटधारक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** कुछ साल पहले शहर के रेलवे रोड स्थित रेडक्रॉस मार्केट में रेडक्रास सोसायटी से बोली पर खरीदे प्लाट की कन्वेंस डीड अभी तक न मिलने से प्लाटधारक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लाटधारक डॉ चरण दास मित्तल ने आरोप लगाया कि रेडक्रॉस सोसायटी अधिकारी जानबूझ कर मामले को लटकाए हुए हैं जबकि उनके पास रेडक्रास सोसायटी द्वारा जारी की गई पेमेंट की रसीदें, रि अलॉटमेंट लेटर, पजेशन लेटर मौजूद हैं। इसके अलावा उनकी कोई राशि भी बकाया नहीं है। इस संबंध में केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीएम विंडो) पर करीब दो साल एक शिकायत दी थी जिसका अब तक निवारण करने के बजाय सीएम विंडो पर 'कार्रवाई की आवश्यकता नहीं' लिखकर डिस्पोज ऑफ कर दिया गया। इस दो साल की अवधि में कार्रवाई न होने को लेकर कई बार रिमाइंडर भी भेजे लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# गुरु नानक देव जी महाराज प्रकाश गुरुपर्व के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** 'बोले सो निहाल सत् श्री अकाल', 'वाहे गुरु गुरु जी दा खालसा वाहे गुरु जी की फतेह' के पावन जयकारों के साथ स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित बाबा जमनीदास पंचायती गुरुद्वारा में प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रथम पातशाही धन-धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555 वें प्रकाश गुरुपर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया। श्री अखंड पाठ साहिब से पूर्व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों व गुरुघर से जुड़ी साध संगतों के बीच आनंद साहिब पाठ व विधिवत रूप से आरती की गई। इसके अलावा सरबत की भलाई के लिए अरदास की गई। प्रबधंक कमेटी के प्रधान हरमिन्द्र सिंह सूबेदार व महासचिव भूपेन्द्र पाहवा ने बताया कि प्रबंधक कमेटी द्वारा हर वर्ष प्रकाश गुरुपर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को प्रातः 09:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोगा होगा। 10:30 से 11:30 बजे गुरुघर से जुड़ी बीबीयों द्वारा कीर्तन होगा। इस के उपरांत भाई लवप्रीत सिंह रूहानी कीर्तन रागी जत्था सिरसा वाले पहुंच कर गुरुबाणी व शब्द कीर्तन के माध्यम संगतों को निहाल करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा के हैड



ग्रन्थि स्वर्ण सिंह द्वारा सरबत की भलाई की अरदास होगी,अरदास उपरांत संगतों में गुरू का अटूट लंगर बरताया जाएगा। प्रधान सुबेदार हरमिंद्र सिंह व महासचिव भूपेन्द्र पाहवा ने बताया कि महान गुरुमत कीर्तन समागम में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस मौके पर प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरूघर से जुड़े सेवादारों को व आए मेहमानों को गुरुघर का सिरोपा व स्मृति चिंह भेंट किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान सूबेदार हरमिंद्र सिंह सूबेदार, महासचिव भूपेन्द्र पाहवा के अतिरिक्त, सरदार मखन सिंह,स्वर्ण सिंह, अजय पाहवा कोषाध्यक्ष, सरदार गुरमीत सिंह नीटू, चंद्र भान गांधी (प्रधान चारों धाम पार्क) डॉ दवेंद्र मान, कुलदीप सिंह गावड़ी, रणजीत सिंह जुनेजा, डॉ लख पाल सिंह, हरपाल सिंह, सुरजीत सिंह चावला, राज कुमार ठाकुर, सौरभ सिंह गिरधर, इंद्र जीत सिंह, अविराज सिंह, गौरव सिंह, सुरेश पाहवा, सुरजीत कौर, सुरेंद्र कौर, गुरमीत कौर, जगजीत कौर, इंदु गिरधर, शकुंतला रानी, राज कौर, जनक रानी, राजरानी, राजेश गांधी, अजय खन्ना, गोपाल दास मनचंदा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने विकसित भारत-संकल्प यात्रा के नाम पर स्कूलों को राजनीति का अड्डा बनाया : मनोज टाक माही

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज टाक माही ने मौजूद सरकार पर हरियाणा के पूरे शिक्षा तंत्र का बंटाधार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने ने कहा कि स्कूल से लेकर विश्वविद्यालयों तक प्रत्येक शिक्षण संस्थान सरकार के निशाने पर है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा भाजपा ने विकसित भारत-संकल्प यात्रा के नाम पर स्कूलों को राजनीति का अड्डा बनाया जा रहा है, संकल्प यात्रा से बच्चों की पढ़ाई खराब करके शिक्षा का बंटाधार करना चाहती है सरकार। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुःखद है कि भाजपा सरकार इतनी असवेदनशील हो चुकी है कि इन्हें सही और गलत कार्य में फर्क महसूस ही नही हो रहा।



प्रदेश भर में सरकारी स्कूलों में विधायक मंत्री नरेंद्र मोदी, मनोहर लाल खट्टर व सरकार की तारीफ़ में कसीदे पढ़ रहे हैं, जोकि निंदनीय कार्य है, क्योंकि देश की आने वाली पीढ़ी को भर्मित करने का काम किया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण लोगो ने इनकी सभाओं में जाना बंद कर दिया है, इसलिए सरकार ने सरकारी स्कूलों में कार्यक्रम करने शुरू कर दिए है। शिक्षा के उच्चाधिकारियों के द्वारा स्कूलों में आदेश भिजवाए जा रहे है और स्कूल प्रशासन को मजबूरन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित करवाने पड़ रहे है। उन्होंने कहा युवा कांग्रेस प्रदेश भर में इसका विरोध करेगी। उन्होंने कहा हरियाणा की जनता संकल्प ले चुकी है आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ भेंकना है।

**Name Change**

I, Ram Murti Devi W/o Mahabir Singh R/o H. No. 11, Leading School Street, Ashok Vihar, Azad Nagar, Hisar declare that Ram Murti Devi and Murti Devi are both my name and in future I known by these two names.

\- Deponent

**Name Change**

I, Anju Munjal W/o Ajaykumar Munjall R/o H. No. 21, New Anaj Mandi, Hansi, Distt. Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Anju Munjal to AANJU MUNJALL for all future purpose.

\- Deponent

**Name Change**

I, Ajay Kumar Munjal S/o Sh. Bal Ram Munjall R/o H. No. 21, New Anaj Mandi, Hansi, Distt. Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Ajay Kumar Munjal to AJAYKUMAR MUNJALL for all future purpose.

\- Deponent





WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000




डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573






# हिसार की लोकसभा सीट व विधानसभा की सभी 7 सीटों पर आगामी चुनाव में कांग्रेस होगी विजयी : रामनिवास राड़ा हिसार



संगठन विस्तार हेतु उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पूर्व प्रत्याशी रामनिवास राड़ा व साथ में उपस्थित जिला लोकसभा प्रभारी कांतिलाल बबरिया व हल्का प्रभारी प्रवेश त्यागी सहित अन्य नेतागण।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** कांग्रेस भवन हिसार में संगठन विस्तार हेतु ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला लोकसभा प्रभारी कांतिलाल बबरिया व हल्का हिसार प्रभारी प्रवेश त्यागी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। मीटिंग में हल्का हिसार के नेताओं व भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया व प्रभारियों के समक्ष पार्टी मजबूती व संगठन विस्तार हेतु अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य रूप से पहुंचे हिसार विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी, वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी रामनिवास राड़ा अपने सेकड़ों साथियों, कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। राड़ा ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे मेहनती, सच्चे व कर्मठ कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलता है। संगठन विस्तार पर राड़ा ने कहा की हिसार जिला में कांग्रेस पार्टी बेहत मजबूत स्थिति में है और कांग्रेस महासचिव, पूर्व प्रदेशध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का ग्रह जिला भी है। जिला हिसार में संगठन विस्तार में सबसे अहम भूमिका कुमारी सैलजा की होनी चाहिए ताकि पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान हो और मेहनती,सच्चे व कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े और उन्हें संगठन में जगह मिले। राड़ा ने दोनों प्रभारियों का जिला हिसार कांग्रेस भवन में पहुंचने पर स्वागत व अभिनंदन किया और उनका आभार व्यक्त किया।

# गोशालाओं में चारे का संकट, सरकार मौन : कुमारी सैलजा

## 09 महीने में निर्धारित बजट का 10 फीसदी भी नहीं खर्च कर सके, तूड़ा और पराली महंगा होने से साढ़े 04 लाख गोवंश पर मंडराया खतरा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 8 दिसम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं में चारे का संकट बना हुआ है और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मौन धारण किए हुए है। गौशाला संचालक सितंबर महीने से ग्रांट की दूसरी किस्त जारी करने की फरियाद कर रहे हैं, लेकिन उन्हें एक कोड़ी भी नहीं दी जा रही है। इसकी वजह से साढ़े 04 लाख गोवंश के सामने भूखे रहने की नौबत आने लगी है जबकि, प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष के शुरुआती 09 महीने में निर्धारित बजट का 10 प्रतिशत भी गायों पर खर्च नहीं कर सकी है।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फरवरी माह में बजट पेश करते हुए गायों व गोशालाओं के लिए बजट में दस गुणा से अधिक बढ़ोतरी करने का दावा करते हुए 456 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। लेकिन, पहली किस्त के रूप में अब तक सिर्फ साढ़े 41 करोड़ रुपये ही गोशालाओं को चारे की मद के तौर पर मिले हैं। जबकि, सितंबर महीने से ही तूड़ा-पराली की खरीद के लिए गौशाला महासंघ की ओर से ग्रांट की मांग सरकार व गौशाला आयोग से की जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गायों व गोशालाओं की वास्तविक स्थिति बताए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार व गौशाला आयोग सिर्फ जल्द ग्रांट जारी होने का आश्वासन दे रहे हैं। डिमांड करते 3 महीने से अधिक समय बीतने पर भी अभी तक दूसरी किस्त सरकार की ओर से जारी नहीं की गई है। इधर, चारे को लेकर जमीनी हकीकत यह है कि अब तूड़ा व पराली किसानों के पास से व्यापारियों के पास पहुंच चुकी है, जो डेढ़ से दोगुना तक कीमत वसूलने लगे हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि ग्रांट जारी न होने से प्रदेश की 658 गोशालाओं में रखे गए साढ़े 4 लाख बेसहारा गोवंश के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है। गौशाला संचालकों के लिए इनका पेट भरना मुश्किल होने लगा है। बार-बार की गुहार के बावजूद न तो ग्रांट ही जारी की जा रही और न ही बिना प्रयोग के पड़े 90 प्रतिशत से अधिक बजट को खर्च करने की दिशा में कोई प्लान तैयार किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बात किसी से भी छिपी नहीं है कि पिछले वित्तीय वर्ष में भी गायों के लिए तय किए गए बजट 40 करोड़ में से सिर्फ 33 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए थे और बाकी 7 करोड़ रुपये ग्रांट लैप्स हो गई थी। इससे साफ पता चलता है कि गठबंधन सरकार गायों के नाम का प्रयोग सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए करना जानती है। बाकी गौ सेवा से उसका कोई भी लेना-देना नहीं है।

# भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने किया टी-20 एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामिंट का उद्घाटन

## स्वस्थ रहने के लिए खेलों को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए : तरुण जैन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** जिला बार एसोसिएशन द्वारा हिसार में आयोजित किए जा रहे टी-20 एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला भाजपा कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने किया। उन्होंने सोफिया क्रिकेट एकेडमी में रिबन काटने के उपरांत क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात करके उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तरुण जैन को स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित भी किया।

इस दौरान क्रिकेट टूर्नामेंट के डायरेक्टर एडवोकेट सुनील तिवारी, सह सचिव एडवोकेट गीतांजलि शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट आर. एस. खटाना, एडवोकेट विनय बिश्नोई, एडवोकेट शीतल व एडवोकेट महेश शर्मा सहित काफी संख्या में वकील व दर्शकगण उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट में डीबीए हिसार, डीबीए बावल, डीबीए फतेहाबाद, डीबीए फरीदाबाद, डीबीए भिवानी, डीबीए झज्जर, डीबीए चरखी दादरी व डीबीए जींद की टीम हिस्सा ले रही हैं। इस टूर्नामेंट के मैच हिसार के विभिन्न क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जाएंगे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद तरुण जैन ने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर निरंतर काम करते हुए नीरसता आ जाती है, इसलिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करके जिला बार एसोसिएशन ने अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वैसे भी स्वस्थ रहने के लिए खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों से न केवल इंसान फिट रहता है बल्कि इससे भाईचारा, एकजुटता व समरसता का भी विकास होता है। जैन ने कहा कि खेलों से इंसान में अनुशासन का समावेश भी होता है। उन्होंने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि हमारे देश के खिलाड़ी ओलंपिक खेलों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा व हिसार के भी बहुत से खिलाड़ी अपने खेल कौशल से देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं।

# डिप्टी सीएम सोमवार को हिसार में

## पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनेंगे जनसमस्याएं, नलवा हल्के के गांवों का करेंगे दौरा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सोमवार को हिसार में रहेंगे। जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सोमवार को सुबह नौ बजे स्थानीय पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस में आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। जेजेपी जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसके बाद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नलवा हल्के के गाँव हिन्दवान, रावतखेड़ा व स्याहड़वा का दौरा करके ग्रामीणों से रूबरू होंगें और ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों की चर्चा करते हुए ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनको हल करवाएंगे। इस दौरान उनके साथ जेजेपी के स्थानीय वरिष्ठ पदाधिकारियों भी उपस्थित रहेंगे।



# तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में समाजसेवी योगराज शर्मा ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के चंडीगढ़ कार्यालय सचिवालय में बांटे लड्डू




**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 8 दिसम्बर :** भारत के राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावों की गणना में रविवार को भाजपा ने जीत हासिल की। तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में समाजसेवी योगराज शर्मा ने हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के चंडीगढ़ कार्यालय सचिवालय में लड्डू बांटे। यह जानकारी हॉकी खेल और खिलाड़ियों की खेल सुविधाओं के लिए प्रयासरत समाज सेवी योगराज शर्मा ने जारी प्रेस रिलीज में दी। समाज सेवी योगराज शर्मा ने कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज भी देश का भरोसा कायम है और आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भी यह एक अच्छा संकेत है। इस अवसर पर विधायक घनशाम सराफ, भाजपा के वरिष्ट नेता डॉक्टर योगेश बिदानी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सेक्टर-33 रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा बिजली मंत्री रणजीत सिंह को मांग पत्र



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** हिसार के सेक्टर 33 की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने कल हरियाणा के बिजली मंत्री चौ रणजीत सिंह चौटाला से मुलाक़ात कर सेक्टर में बिजली घर बनाने के लिए एक माँग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान डी एस पानू ने बताया कि सेक्टर में घरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और बिजलीघर न होने से बहुत समस्या आ रही है। विशेषकर गर्मियों में बिजली घटने बढ़ने से लोगो के उपकरण ख़राब हो रहे है। बिजली मंत्री ने समस्या को गंभीरता से सुना व मौक़े पर ही अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधान धर्मवीर पन्नू, उप प्रधान कृष्ण बिश्नोई, उप प्रधान अशोक भूतनी, सचिव बलविंदर सिंह, सह सचिव डॉ सुरेंद्र बिश्नोई, बलबीर सिंह एसडीओ, धर्मपाल कस्वा, वीर सिंह राव, कृष्ण कुमार शेरावत आदि एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव 10 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** बालसमंद रोड भिवानी रोहिला स्थित कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव समारोह 10 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। स्कूल प्रिंसीपल ने बताया कि समारोह में बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर समां बांधा जाएगा।

# डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नलवा हलका दौरा को लेकर लोगों में भारी उत्साह : वीरेंद्र चौधरी

## दौरा कार्यक्रम को लेकर जजपा नेता वीरेंद्र चौधरी ने गांवों में चलाया व्यक्तिगत सम्पर्क अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 8 दिसम्बर :** आगामी 11 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नलवा हलका दौरा कार्यक्रम को लेकर जन-सामान्य में जबरदस्त उत्साह की लहर देखने को मिल रही है। लोगों को आशा है कि इस दौरे से डिप्टी सीएम द्वारा उनकी सामूहिक समस्यों का ठोस समाधान हो पाएगा। यह बात जननायक जनता पार्टी के नलवा से पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने रावतखेड़ा, स्याहड़वा, बुरें, दुबेटा, तलवंडी रुक्का, तलवंडी बादशाहपुर, पायल, चारनौन्द, कालवास, देवां, मंगाली, डाया सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में व्यक्तिगत संपर्क व निमंत्रण अभियान के बाद कही। वीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि आगामी 11 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नलवा हलका के रावतखेड़ा, स्याहड़वा व हिन्दवान गांव में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे व ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। चौधरी ने कहा कि पिछले काफी समय से उपेक्षित महसूस कर रहे व समस्याओं से जूझ रहे नलवा के लोगों को उपमुख्यमंत्री के दौरों से उम्मीद की किरण नज़र आई है। जननायक ताऊ देवीलाल के बुजुर्ग साथियों से लेकर युवाओं और विशेषकर महिलाओं में भी इस दौरा कार्यक्रम के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। संपर्क व निमंत्रण अभियान के दौरान महिला वर्ग ने उन्हें आश्वस्त किया है कि पंचायतों में 50 प्रतिशत व राशन डिपू में 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए दुष्यंत चौटाला जी का धन्यवाद करने के लिए वे भारी संख्या में जनसभाओं में पहुंचेगी।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।







